1. नीचे दी गई शृंखला में अगला अंक कौन-सा होना चाहिये ?

2, 1, (2/3), (1/2), ?

(A) 1/3

(B) 1/4

(C) 3/4

(D) 2/5

2. दो पीढ़ियों वाले एक परिवार में छह सदस्य A, B, C, D, E और F हैं, जिसमें तीन पुरुष और तीन महिलाएँ हैं । इनमें केवल दो विवाहित जोड़े हैं और अन्य दो अविवाहित हैं । F, A की बेटी है और B, C की सास है । E एक अविवाहित पुरुष है और D एक पुरुष है । निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(A) C, F का पति है

(B) C, D की पत्नी है

(C) D अविवाहित है

(D) कोई भी सत्य नहीं है

3. एक किताब से एक पृष्ठ फाड़ा गया है, जिसके पृष्ठ सामान्य तरीके से, पहले पृष्ठ को पृष्ठ 1 से शुरू करते हैं । यदि शेष पृष्ठों पर संख्याओं का योग 195 है, तो फटे हुए पृष्ठ में निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या है ?

(A) 3, 4

(B) 5, 6

(C) 7, 8

(D) 9, 10

4. एक आदमी ने एक महिला से कहा, "तुम्हारी माँ के पति की बहन मेरी मौसी/चाची/मामी है ।" महिला पुरुष से कैसे संबंधित है ?

(A) बहन

(B) बेटी

(C) माँ

(D) पोती

5. निम्नलिखित व्यवस्था में अनुपस्थित अक्षर कौन-से हैं ?

BA_BA_BAC_ACB_CBAC

(A) AACB

(B) BBCA

(C) CCBA

(D) CBAC

6. आपको एक SMS मिला है, जिसमें आपको बधाई मिली है कि आपने लॉटरी जीती है । वह आगे आपकी संपर्क जानकारी साझा करने के लिए कहता है । आप क्या करेंगे ?

(A) जानकारी साझा करेंगे और उत्तर की प्रतीक्षा करेंगे

(B) संदेश को हटा देंगे और घटना की रिपोर्ट करेंगे

(C) अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए जवाब देंगे

(D) ईनाम के पैसे को निवेश करने के लिए योजना बनाएंगे

7. आप हवाई अड्डे के वेटिंग लाउंज में हैं और लंबे समय तक एक अप्राप्य बैग का अवलोकन करते हैं, आप क्या करेंगे ?

(A) बैग खोलेंगे और मालिक की तलाश करेंगे

(B) बैग की उपेक्षा करेंगे

(C) बिना छुए बैग के बारे में सुरक्षा प्रभारी को सूचित करेंगे

(D) आगे की कार्रवाई के लिए बैग को सुरक्षा प्रभारी के पास ले जायेंगे

8. आप एक भीड़ भरे मेले में आए हैं और आप देख रहे हैं कि एक लापता बच्चा माता-पिता को खोज रहा है और रो रहा है, आप क्या करेंगे ?

(A) बच्चे की उपेक्षा करेंगे

(B) माता-पिता के लिए चारों ओर देखेंगे और भीड़ इकट्ठा करेंगे

(C) बच्चे को निकटतम पुलिस थाने में ले जायेंगे

(D) सुरक्षा चिंताओं के कारण बच्चे को अपने घर ले जायेंगे



1. Which ... given be...

2, 1, (2/3...

(A) 1/3

(B) 1/4

(C) 3/4

(D) 2/5

2. A family of ... six members ... males and th... two married ... siblings. F is ... mother-in-law ... D is a male. W... correct ?

(A) C is F's hu...

(B) C is D's wi...

(C) D is unmar...

(D) None is tru...

3. One page is tor... are numbered i... from the first p... numbers on the ... torn page conta... numbers ?

(A) 3, 4

(B) 5, 6

(C) 7, 8

(D) 9, 10

4. A man said to ... husband's sister i... related to the ma...

(A) Sister

(B) Daughter

(C) Mother

(D) Granddaughter

9. आपको अपने मित्र से एक ई-मेल प्राप्त होता है, जिसमें आपसे अनुरोध किया गया है कि आकस्मिक स्थिति के कारण उनको तत्काल कुछ धन हस्तांतरित करें । आप क्या करेंगे ?

(A) उसे मदद करने के लिए प्राथमिकता पर पैसा भेज देंगे

(B) स्थिति की पुष्टि के लिए मित्र से संपर्क करने का प्रयास करेंगे

(C) संदेश को अनदेखा कर उसे हटाएंगे

(D) उसके उस रिश्तेदारों को पैसे भेजेंगे जिसे आप जानते हैं

10. आप एक स्कूल के निदेशक हैं और स्कूल के वार्षिक समारोह के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित होते हैं । समारोह में भाग लेने के लिए जाते वक्त रास्ते में, आप भारी ट्रैफ़िक में फंस गए हैं । आप क्या करेंगे ?

(A) चिंता नहीं करेंगे क्योंकि आप एक निदेशक हैं और लोग आपके आने तक इंतज़ार कर सकते हैं

(B) आयोजकों को कॉल करेंगे, अपनी स्थिति के बारे में बताएंगे और आग्रह करेंगे कि इंतज़ार न करें

(C) आयोजकों को कॉल करके आपके पहुँचने तक प्रतीक्षा करने का अनुरोध करेंगे

(D) आयोजकों को कॉल करके उन्हें कार्यक्रम रद्द करने और फिर से आयोजित करने के लिए कहेंगे

11. प्रश्न चिन्ह को वर्णमाला के किस अक्षर से बदलना चाहिए ?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| N | T | F | H | G | M |
| P | R | J | L | ? | I |

(A) O
(B) K
(C) H
(D) E

12. एक छोटे से जंगल में तोते का एक समूह, हिरणों के समूह के साथ मौजूद है । यदि कुल 12 सिर और 40 पैर हैं, तो जंगल में क्रमशः कितने हिरण और तोते हैं ?

(A) 4, 8

(B) 6, 6

(C) 3, 9

(D) 8, 4

13. निम्नलिखित अभिव्यक्ति का मूल्य है

$$9-8\times\frac{2\frac{1}{5}-1\frac{2}{7}}{2-\frac{1}{6-\frac{1}{6}}}=?$$

(A) 1

(B) 4

(C) 5

(D) 8

14. किसी भिन्न के हर और अंश के बीच का अंतर 3 है । यदि उस भिन्न के अंश और हर को 4 से बढ़ाया जाता है, तो भिन्न $\frac{4}{5}$ बन जाता है । मूल भिन्न का पता लगाएँ ।

(A) 7/10


(B) 5/8

(C) 8/11

(D) 10/13

Galaxy M15 5G

15. यदि PQ = PS, चित्र में जानकारी का उपयोग करते हुए, β के मूल्य को डिग्री में पता लगाएँ ।




(A) 25

(B) 30

(C) 45

(D) 60

**निर्देश** (प्र.क्र. **16 – 20**) निम्नलिखित लेखांश को पढ़िये और अंत में दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये । प्रश्नों के उत्तर लेखांश पर आधारित होने चाहिए ।

यद्यपि, पानी पृथ्वी की सतह के लगभग सड़सठ प्रतिशत का आवरण करता है, इसमें से तीन प्रतिशत से कम ताजा पानी है । ग्लेशियर, आईस–कैप या अन्यथा दुर्गम में बंद ताजे पानी का लेखांकन करने के बाद, केवल एक प्रतिशत का दसवीं से भी कम पृथ्वी का पानी मानव उपभोग के लिए उपलब्ध है । दुनियाभर में पानी की कमी के लिए प्रदूषण, जनसंख्या वृद्धि और अपव्ययी सिंचाई प्रथाओं का योगदान है । जब स्पष्ट कीमती तरल दुर्लभ हो जायेगा, तो देश ताजे पानी के स्रोतों पर दावे करना शुरू कर देंगे । परिणामस्वरूप, पीने योग्य पानी संघर्ष का एक क्षेत्र बन जायेंगे, जो अंततः राष्ट्रों के बीच अधिक शत्रुता पैदा कर सकता है ।

कुछ देशों जैसे संयुक्त राष्ट्र (यूनाइटेड नेशन्स) में पानी के प्रचुर स्रोत हैं । अन्य देशों में, जैसे कि चीन, पानी बहुतायत से कम है । जैसे–जैसे जल संसाधन घटते जायेंगे, उपलब्ध स्रोतों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी । राष्ट्र ताजे पानी के एक विशेष निकाय के अधिकारों का दावा कर सकते हैं या वे नदियों पर बांध और अन्य परियोजनाओं के निर्माण की योजना बना सकते हैं । यदि दो या अधिक राष्ट्र जल अधिकारों या निर्माण परियोजनाओं पर असहमत होते हैं, तो टकराव की स्थिति सामने आ सकती है । इस मुद्दे से निपटने के लिए कई देश जल संरक्षण और सुरक्षा समाधान अपना रहे हैं । संयुक्त राष्ट्र ने ऐसे संभावित मुद्दे जिनसे हिंसा हो सकती है, का मुकाबला करने के लिए कार्यक्रम लागू किए हैं ।

16. इस लेखांश का मुख्य सार क्या है ?

(A) पानी का संरक्षण करना महत्वपूर्ण है क्योंकि पृथ्वी पर केवल 3% पानी पीने योग्य है

(B) चीन ताजे जल स्रोतों को नियंत्रित करने के लिए अमेरिका के साथ युद्ध करेगा

(C) ज्यादातर ताजा पानी ग्लेशियरों और आईस–कैप में बंद है

(D) पानी सीमित है और कमी से संघर्ष की संभावना होगी

17. पृथ्वी की सतह का कितना प्रतिशत पानी, मानव उपभोग के लिए उपलब्ध है ?

(A) 0.1%

(B) 0.001%

(C) 0.67%

(D) 0.067%

18. निम्नलिखित में से कौन–सा भविष्य में राष्ट्रों के बीच शत्रुता का संभावित कारण हो सकता है ?

(A) यह तथ्य कि अमेरिका के पास पानी के प्रचुर स्रोत हैं

(B) भविष्य में ताजे पानी के स्रोतों पर दावेदारी

(C) चीन ताजे पानी के स्रोतों पर दावेदारी करेगा क्योंकि उसके पास अमेरिका से कम स्रोत है

(D) विभिन्न देशों में हथियारों की असमानता

19. निम्न में से कौन-सा निश्चित ही लेखांश से निष्कर्ष **नहीं** निकाला जा सकता है ?

(A) सभी संभावनाओं का आंकलन करके केवल 3% पानी ही मनुष्यों के लिये उपलब्ध है

(B) करीब 97% पानी मनुष्यों के उपभोग के लिये उपयुक्त नहीं है

(C) पानी की अनुपलब्धता विभिन्न देशों के बीच हथियारों को इकट्ठा करने की होड़ शुरू कर देगी

(D) संभवत: पानी की अनुपलब्धता देशों के बीच शत्रुता की स्थिति पैदा करेगी

20. भविष्य में देशों के बीच संघर्ष टालने के लिये कौन-सा उपाय अधिक प्रभावी होगा ?


(A) सभी हथियारों को नष्ट कर देना चाहिये

(B) पानी के अधिकार के लिये करार करना चाहिये

(C) पानी का संरक्षण करना चाहिये

(D) संयुक्त राष्ट्र (यूनाइटेड नेशन्स) को इन मामलों के निराकरण के लिये अधिक प्रभावशाली बनाना चाहिये

21. निम्नलिखित आकृति में कुल कितने त्रिकोण हैं ?



(A) 16

(B) 18

(C) 20

(D) 24

22. एक विशेष नियम के अनुसार वर्ग बॉक्स के अंदर/बाहर कुछ संख्याएँ दी गई हैं । प्रश्न चिह्न (?) से चिह्नित स्थान को भरने के लिए सही विकल्प की पहचान करें ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 27 | | | 56 | | | 27 | |
| 36 | [1] | 9 | 81 | [1] | 9 | 36 | [?] | 3 |
| | 9 | | | 7 | | | 9 | |


(A) 1

(B) 3

(C) 9

(D) 12

23. निम्न आकृति में चार चित्र एक निश्चित तरीके से समान हैं । इनमें से विषम चित्र की पहचान करें ।





(A) Q


(B) R

(C) S

(D) T

24. निम्न आकृति के दर्पण (उर्ध्वाधर) छवि के लिए सही विकल्प ज्ञात करें ।






(A) b

(B) a

(C) d

(D) c

**25.** किसी कोड भाषा में, यदि ○△ = 5, □⬠ = 9, ⬠(△) = 125 और □(○) = 16, तो ⬡(○)□(△) = ?

(A) 89

(B) 100

(C) 144

(D) 2304

**26.** यदि पहले n प्राकृतिक संख्याओं का अंकगणितीय माध्य 100 है, तो n क्या होगा ?

(A) 196

(B) 197

(C) 198

(D) 199

**27.** एक निश्चित अवधि में छात्रों का अनुपस्थित रिकॉर्ड निम्नानुसार है । यदि औसत अनुपस्थिति 15.5 है, तो आवृत्तियाँ 'x' और 'y' क्या होंगी ?

| दिनों की संख्या | 0 – 5 | 5 – 10 | 10 – 15 | 15 – 20 | 20 – 25 |
|---|---|---|---|---|---|
| छात्रों की कुल संख्या | 15 | 16 | x | 8 | y |

| दिनों की संख्या | 25 – 30 | 30 – 35 | 35 – 40 | कुल |
|---|---|---|---|---|
| छात्रों की कुल संख्या | 8 | 6 | 4 | 70 |

(A) x = 4, y = 3

(B) x = 7, y = 7

(C) x = 3, y = 4

(D) x = 7, y = 6

**28.** लुप्त संख्या ज्ञात करें ।

3 5 | 102 | 2 8

2 7 | 105 | 4 6

5 9 | ? | 3 6

(A) 105

(B) 151

(C) 210

(D) 117

**29.** कुछ अक्षर दिए गए हैं, जिनको संख्या 1, 2, 3, 4, 5 और 6 से चिन्हित किया है । संख्याओं के उस क्रम का पता लगाएँ, ताकि सार्थक अंग्रेजी शब्द बनाने के लिए अक्षरों को व्यवस्थित किया जा सके ।

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|
| O | N | W | R | E | D |

(A) 321456

(B) 231456

(C) 312654

(D) 314265

**30.** यदि 'शहर' को 'गाँव' कहा जाता है, 'गाँव' को 'वन' कहा जाता है और 'वन' को 'बिल्डिंग' कहा जाता है, तो हिरन कहाँ रहते हैं ?

(A) शहर

(B) गाँव

(C) वन

(D) बिल्डिंग

**निर्देश** (प्रश्न संख्या **31 – 40**) **: नीचे दिए गए प्रश्नों में एक कथन और तत्पश्चात् दो तर्क/धारणा क्र. I और II दिए गए हैं । तर्क पर विचार करें और तय करें कि कौन-सा विकल्प सही उत्तर है ।**

**31.** कुछ मेज टोपी हैं । कोई टोपी नीली नहीं है ।

**तर्क/(धारणा) I :** कुछ टोपी मेज हैं ।

**तर्क/(धारणा) II :** कोई मेज नीला नहीं है ।

(A) तर्क I प्रभावशाली है

(B) तर्क II प्रभावशाली है

(C) तर्क I और II प्रभावशाली हैं

(D) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रभावशाली है


Galaxy M15 5G

32. एक विज्ञापन में कहा गया "रंगों का प्रयोग करें । वे हमारे जीवन में रंग जोड़ते हैं" ।

**तर्क/(धारणा) I** : आकर्षक नारे लोगों को आकर्षित नहीं करते हैं ।

**तर्क/(धारणा) II** : लोग गहरे रंग पसंद करते हैं ।

(A) तर्क I अनुसरण करता है
(B) तर्क II अनुसरण करता है
(C) तर्क I और II अनुसरण करते हैं
(D) न तो तर्क I और न ही तर्क II अनुसरण करते है

33. क्रोध एक भावना है; इसे नियंत्रित करने के लिए विशेष कौशल की आवश्यकता है ।

**तर्क/(धारणा) I** : क्रोध को नियंत्रित करने की आवश्यकता है ।

**तर्क/(धारणा) II** : केवल कुशल लोग ही इसे नियंत्रित कर सकते हैं ।

(A) तर्क I निहित है
(B) तर्क II निहित है
(C) तर्क I और II निहित हैं
(D) न तो तर्क I और न ही तर्क II निहित है

34. एक नई दवा 'अल्फा' चिकित्सा क्षेत्र में उत्सुकता उत्पन्न कर रही है ।

**तर्क/(धारणा) I** : कोई अन्य दवा चिकित्सा क्षेत्र में उत्सुकता उत्पन्न नहीं कर रही है ।

**तर्क/(धारणा) II** : दवा अल्फा एक बहुत प्रभावी दवा है ।

(A) तर्क I निहित है
(B) तर्क II निहित है
(C) तर्क I और II निहित हैं
(D) न तो तर्क I और न ही तर्क II निहित है

35. पुराना क्रम बदल गया, नए क्रम में जगह बनाई ।

**तर्क/(धारणा) I** : परिवर्तन प्रकृति का नियम है ।

**तर्क/(धारणा) II** : पुराने विचारों को त्यागें क्योंकि वे पुराने हैं ।

(A) तर्क I अनुसरण करता है
(B) तर्क II अनुसरण करता है
(C) तर्क I और II अनुसरण करते हैं
(D) न तो तर्क I और न ही तर्क II अनुसरण करते है

36. 'स्वच्छ भारत मिशन' भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है ।

**तर्क/(धारणा) I** : भारत में सार्वभौमिक स्वच्छता व्याप्ति और सुरक्षित स्वच्छता के लिए पहुँच प्रदान करने का उद्देश्य है ।

**तर्क/(धारणा) II** : भारत के प्रत्येक घर में स्वच्छ शौचालय प्रदान करना एवं उपयोग को बढ़ावा देने का उद्देश्य है ।

(A) तर्क I प्रभावशाली है
(B) तर्क II प्रभावशाली है
(C) तर्क I और II प्रभावशाली हैं
(D) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रभावशाली है

37. हाल ही के दिनों में वाईफ़ाई/इंटरनेट का उपयोग तेजी से बढ़ा है ।

**तर्क/(धारणा) I** : इंटरनेट डेटा सस्ता हो गया है ।

**तर्क/(धारणा) II** : लॉकडाउन के समय में लोग बाहर जाने से डरते थे ।

(A) तर्क I प्रभावशाली है
(B) तर्क II प्रभावशाली है
(C) तर्क I और II प्रभावशाली हैं
(D) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रभावशाली है



Galaxy M15 5G

**38.** आज प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण बहुत महत्वपूर्ण है।

**तर्क/(धारणा) I** : प्राकृतिक संसाधन प्रचुर मात्रा में हैं और खपत को अनुकूलित करने की आवश्यकता नहीं है।

**तर्क/(धारणा) II** : भविष्य की पीढ़ियाँ प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करेंगी।

(A) तर्क I प्रभावशाली है

(B) तर्क II प्रभावशाली है

(C) तर्क I और II प्रभावशाली हैं

(D) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रभावशाली है

**39.** सभी आम सुनहरे रंग के होते हैं। कोई सुनहरे रंग की चीजें सस्ती नहीं होती हैं।

**तर्क/(धारणा) I** : सभी आम सस्ते हैं।

**तर्क/(धारणा) II** : सुनहरे रंग के आम सस्ते नहीं होते हैं।

(A) तर्क I प्रभावशाली है

(B) तर्क II प्रभावशाली है

(C) तर्क I और II प्रभावशाली हैं

(D) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रभावशाली है

**40.** कुछ लुटेरे मूर्ख हैं। कुछ मूर्ख अमीर हैं।

**तर्क/(धारणा) I** : कुछ लुटेरे अमीर हैं।

**तर्क/(धारणा) II** : कुछ अमीर लुटेरे हैं।

(A) तर्क I प्रभावशाली है

(B) तर्क II प्रभावशाली है

(C) तर्क I और II प्रभावशाली हैं

(D) न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रभावशाली है

**निर्देश** (प्र.क्र. **41 – 45**) निम्नलिखित लेखांश को पढ़िये और अंत में दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये। प्रश्नों के उत्तर लेखांश पर आधारित होने चाहिए।

फोटोग्राफिक साक्ष्य बताते हैं कि मंगल की सतह पर किसी समय तरल पानी काफी मात्रा में मौजूद था। दो प्रकार की प्रवाह विशेषताएँ देखी जाती हैं : अपवाह चैनल और बहिर्वाह चैनल। अपवाह चैनल दक्षिणी पहाड़ी क्षेत्रों में पाए जाते हैं। ये प्रवाह वैशिष्ट्य व्यापक प्रणालियाँ हैं – कभी-कभी कुल लंबाई में सैकड़ों किलोमीटर – परस्पर जुड़े, मुड़ने वाले चैनल जो बड़े, व्यापक चैनलों में विलय करने लगते हैं। वे पृथ्वी पर नदी प्रणालियों के जैसी प्रबल समानता रखते हैं, और भूवैज्ञानिकों का मानना है कि वे लंबे समय से चली आ रही नदियों के सूखने वाले बेड हैं, जो किसी समय मंगल पर वर्षा के पानी को पहाड़ों से नीचे घाटियों तक लाते थे। मंगल पर अपवाह चैनल चार बिलियन साल पहले (मार्टियन पहाड़ी क्षेत्र के काल) के समय को व्यक्त करते हैं, जब वातावरण मोटा, सतह गर्म और तरल पानी व्यापक था।

बहिर्वाह चैनल शायद मंगल पर बहुत पहले आई भयावह बाढ़ के अवशेष हैं। वे केवल भूमध्यरेखीय क्षेत्रों में दिखाई देते हैं और आमतौर पर व्यापक परस्पर नेटवर्क नहीं बनाते हैं। इसके बजाय, संभवत: वे दक्षिणी पहाड़ी क्षेत्रों से उत्तरी मैदानों में पानी के भारी मात्रा में बहने वाले रास्ते हैं। इन फ्लैश फ्लड से उत्पन्न होने वाले पानी के प्रकीर्णन ने सम्भवत: अजीब तरह के अश्रु-आकार के "द्वीपों" का निर्माण भी किया, (कम ज्वार पर हमारे समुद्र तटों की गीली रेत में देखे गए लघु संस्करण के समान) जो कि बहिर्वाह चैनल के सिरों के करीब मैदानों पर पाए गए हैं। चैनलों की चौड़ाई और गहराई को देखते हुए निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि, प्रवाह दर वास्तव में बहुत अधिक रही होगी – शायद महान अमेज़ॅन नदी द्वारा किए गए 105 टन प्रति सेकंड से सौ गुना अधिक। लगभग तीन बिलियन वर्ष पहले बाढ़ के प्रवाह ने बहिर्वाह चैनल को आकार दिया, उसी समय जब उत्तरी ज्वालामुखी के मैदानों का निर्माण हुआ था।

**41.** मंगल पर किस क्षेत्र में प्रवाह की विशेषताएँ देखी जाती हैं ?

(A) पश्चिमी मैदानी क्षेत्र

(B) उत्तरी पहाड़ी क्षेत्र

(C) दक्षिणी मैदानी क्षेत्र

(D) दक्षिणी पहाड़ी क्षेत्र

42. पैराग्राफ में दक्षिणी पहाड़ी क्षेत्रों में अपवाह चैनलों की चर्चा मंगल के बारे में क्या सुझाव देती हैं ?

(A) मंगल ग्रह का वातावरण आज की तुलना में कभी पतला था

(B) किसी समय मंगल के हिस्सों पर भारी मात्रा में बारिश गिरती थी

(C) कभी मंगल की नदी प्रणाली, पृथ्वी की तुलना में अधिक व्यापक थी

(D) मंगल की नदियाँ लगभग 5 बिलियन साल पहले सूखना शुरू हुई

43. मंगल पर बहिर्वाह चैनलों में बहने वाले पानी की मात्रा का निकटतम अनुमान है

(A) 105 टन प्रति सेकंड

(B) 105 टन

(C) 10500 टन प्रति सेकंड

(D) 10500 टन

44. पैराग्राफ के अनुसार निम्न में से सभी, मंगल पर बहिर्वाह चैनलों के बारे में सच हैं, सिवाय

(A) वे लगभग उसी समय बने जब उत्तरी मैदानों पर ज्वालामुखीय गतिविधि हो रही थी

(B) वे केवल मंगल ग्रह की सतह के कुछ हिस्सों पर पाए जाते हैं

(C) वे कभी–कभी उस स्थान पर खाली हो जाते हैं, जो कि कभी ज्वार के समुद्र तटों की रही गीली रेत दिखाई देती है

(D) ऐसा माना गया है कि वे भूमध्यरेखीय क्षेत्रों से उत्तर की ओर पानी ले जाते थे

45. पैराग्राफ में लेखक ने यह जानकारी क्यों शामिल की है कि अमेज़ॅन नदी के माध्यम से प्रति सेकंड 105 टन पानी का प्रवाह होता है ?

(A) मंगल के बहिर्वाह चैनलों के माध्यम से बहने वाले पानी की मात्रा के विशाल आकार पर जोर देने के लिए

(B) वैज्ञानिकों द्वारा इस्तेमाल किए गए डेटा से अनुमान लगाने के लिए कि मंगल के बहिर्वाह चैनल कितने समय पहले बने थे

(C) यह तर्क देने के लिए कि सम्भवता मंगल पर फ्लैश फ्लड पर्याप्त शक्तिशाली थे जिससे अश्रु के आकार के "द्वीप" बन गए

(D) यह तर्क देने के लिए कि मंगल पर बाढ़ के पानी का बल उत्तरी ज्वालामुखी के मैदानों को आकार देने के लिए पर्याप्त शक्तिशाली था

46. _________ (अंग्रेजी भाषा में) वह पशु है, जो मुख्य रूप से गोधूलि काल के दौरान सक्रिय होता है ।

(A) क्रेपस्कुलर

(B) डाइअरनल

(C) नॉक्टरनल

(D) औरोरल

47. नींद में बात करने वाले व्यक्ति को (अंग्रेजी भाषा में) क्या कहा जाता है ?

(A) फिलाटेलिस्ट

(B) सोम्नमब्युलिस्ट

(C) सोम्निलोक्विस्ट

(D) ओनेरोक्रिटिक

**48.** सही विकल्प (अंग्रेजी भाषा में) चुनें, जो नीचे दिए गए अधोरेखित वाक्यांश के लिए प्रतिस्थापित किया जा सकता है ।

वह एक <u>सूची जिसमें अंग्रेजी के लगभग सभी ज्ञात मुहावरे और वाक्यांश शामिल थे</u>, से पढ़ रही थी ।

(A) मैगज़ीन

(B) गजट

(C) डिक्शनरी

(D) ग्लोसरी

**49.** (अंग्रेजी भाषा में) ________ सुनना को क्रिटिकल सुनने के रूप में भी कहा जाता है ।

(A) थेराप्यूटिक

(B) डिस्क्रिमिनेटिव

(C) एम्पथेटिक

(D) इवैल्यूएटिव

**50.** संगठन के भीतर संवाद करने के लिए जिस दस्तावेज़ का उपयोग किया जाता है, उसे कहा जाता है

(A) पत्र (लेटर)

(B) मेमो

(C) ई-मेल

(D) टेलेक्स

**51.** (अंग्रेजी भाषा में) 'स्लम्बर' का सही पर्यायवाची शब्द है

(A) स्लीप

(B) शाइनी

(C) स्टीर

(D) सेलर

**52.** (अंग्रेजी भाषा में) नीचे दिए गए शब्दों में से तीन पर्यायवाची हैं । इनमें से विषम चुनें ।

(A) लिथर्जी

(B) एनर्जी

(C) एक्टिविटी

(D) स्पिरिट

**53.** वह उपसर्ग चुनें जिसे अंग्रेजी शब्द 'लेजिबल' में जोड़ने पर इसका (अंग्रेजी भाषा में) विलोम बनाया जा सके ।

(A) डिस

(B) मिस

(C) इन

(D) इल

**54.** (अंग्रेजी भाषा में) सही सामूहिक संज्ञा के साथ रिक्त स्थान भरें ।

अ स्कूल ऑफ़ ________ ।

(A) फिश

(B) टाइगर

(C) बॉयज

(D) कब्ज़

**55.** (अंग्रेजी भाषा में) मुहावरे 'स्पिन अ यार्न' का सही अर्थ चुनें ।

(A) डू वीविंग वर्क ।

(B) बी अ कंनिंग क्राफ्ट्समैन ।

(C) स्टे साइलेंट ।

(D) टेल अ लॉन्ग एंड फार-फेचड स्टोरी ।

**56.** मौखिक संचार के हानि की पहचान करें ।

(A) तत्काल प्रतिक्रिया संभव है

(B) श्रोता की प्रतिक्रिया देखी जा सकती है

(C) काफी पैसा और समय खर्च होता है

(D) दोस्तों से बात करना आसान हो जाता है

**57.** एक संचार प्रक्रिया में निम्नलिखित अनुक्रमिक चरण शामिल हैं ।

(A) एन्कोडिंग, ट्रांसमिशन और डिकोडिंग

(B) ट्रांसमिशन, एन्कोडिंग और डिकोडिंग

(C) डिकोडिंग, ट्रांसमिशन और एन्कोडिंग

(D) डिकोडिंग, एन्कोडिंग और ट्रांसमिशन



Galaxy M15 5G

58. ________ प्रबंधकों द्वारा लक्ष्यों को निर्दिष्ट करने के लिए ; नौकरी के निर्देश प्रदान करने के लिए ; नीतियों, प्रक्रियाओं और प्रथाओं के बारे में सूचित करने के लिए ; प्रदर्शन प्रतिक्रिया प्रदान करने के लिए ; समस्याओं को इंगित करने के लिए उपयोग किया जाता है ।

(A) डाउनवर्ड कम्युनिकेशन
(B) अपवर्ड कम्युनिकेशन
(C) हॉरिजॉन्टल कम्युनिकेशन
(D) (B) और (C) दोनों

59. नौकरी के लिए आवश्यक पारस्परिक संबंधों की गहराई निर्भर करती है

(A) कार्य की जटिलता पर
(B) इसमें शामिल लोगों के विभिन्न प्रकार की विशेषज्ञता पर
(C) निश्चितता की पुष्टि जिसके साथ नौकरी के परिणामों की भविष्यवाणी की जा सकती है
(D) उपरोक्त सभी


60. (अंग्रेजी भाषा में) रूपक "इमोशनल बैंक अकाउंट" संदर्भित करता है

(A) विश्वास की मात्रा जो एक रिश्ते में बनाई गई है
(B) व्यक्ति के भावनाओं की मात्रा
(C) इमोशनल बैंक के साथ एक खाता
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

61. यदि 02/04/2021 शुक्रवार है, तो अगले महीने का 22 वाँ दिन निम्नलिखित में से कौन–सा होगा ?


(A) शुक्रवार
(B) शनिवार
(C) रविवार
(D) सोमवार

62. यदि P और Q अपने स्थान को आपस में बदल लें और S और R भी अपने स्थान को आपस में बदल लें। फिर S और Q विकर्ण पर चलकर केन्द्र में मिलते हैं, तो P, S के ________ में है ।




(A) दक्षिण–पूर्व
(B) दक्षिण–पश्चिम
(C) उत्तर–पूर्व
(D) उत्तर–पश्चिम

63. निम्न में से किसमें सममिति की रेखा **नहीं** है ?



a b c d

(A) a
(B) b
(C) c
(D) d

64. (अंग्रेजी भाषा में) निम्नलिखित में से कौन–सा विकल्प सही है ?

(A) मिहिका बोट डोज़ेन एग्स ।
(B) मिहिका बोट द डोज़ेन एग्स ।
(C) मिहिका बोट अ डोज़ेन एग्स ।
(D) मिहिका बोट ऐन डोज़ेन एग्स ।

65. (अंग्रेजी भाषा में) निम्नलिखित में से कौन–सा विकल्प सही है ?

(A) एव्री मैन नोस हिस ड्यूटी ।
(B) ईच मैन नोस हिस ड्यूटी ।
(C) मैनी मैन नोस हिस ड्यूटी ।
(D) ऐनी मैन नोस हिस ड्यूटी ।



Galaxy M15 5G

66. एक ही स्थान से शुरू करके दो व्यक्ति क्रमश: 6.25 कि.मी. प्रति घंटे और 7.75 कि.मी. प्रति घंटे की गति से चलते हैं । यदि वे एक ही दिशा में चलते हैं, तो उन्हें 19.5 कि.मी. दूर जाने में कितना समय लगेगा ?

(A) 17 घंटे
(B) 22 घंटे
(C) 13 घंटे
(D) 12 घंटे

67. यदि 9 पुरुष 8 घंटे प्रतिदिन काम करके 8 दिनों में 1/3 काम को पूरा कर पाते हैं, तो कितने अतिरिक्त लोग बाकी काम को प्रतिदिन एक अतिरिक्त घंटे काम करके 4 दिनों में पूरा कर पाएंगे ?

(A) 23
(B) 32
(C) 36
(D) 46

68. यदि BRANCH का सम्बन्ध DTCLAF से है, तो निम्नलिखित में से कौन–सा समान संबंध इंगित करता है ?

(A) PCQAWG : RESCUE
(B) NATION : CYRGMK
(C) DPGGPF : FRIEND
(D) NORMAL : ALTFCD

69. कथन :

(a) सभी दवाएं मीठी होती हैं ।
(b) सभी मिठाइयाँ सेहत के लिए अच्छी होती हैं ।

**निष्कर्ष :**

(i) कुछ मिठाइयाँ दवाई हैं ।
(ii) कोई मिठाई दवाई नहीं हैं ।
(iii) कुछ सेहत के लिए अच्छी मिठाइयाँ दवाई हैं ।
(iv) सभी सेहत के लिए अच्छी मिठाइयाँ दवाई हैं ।

दिए गए कथनों के लिए उपर्युक्त में से कौन–सा निष्कर्ष सही होगा ?

(A) केवल (i) अनुसरण करता है
(B) (i) या (ii) में से कोई भी अनुसरण करता है
(C) केवल (i) और (iii) अनुसरण करता है
(D) उपरोक्त में से कोई भी अनुसरण नहीं करता है

70. Q1F, S2E, U6D, W21C, ?

(A) Z88B
(B) Y66B
(C) Y44B
(D) Y88B

71. यदि आप बारिश के मौसम में एक आवासीय इलाके में एक मैनहोल देखते हैं और बच्चे चारों ओर खेल रहे हैं, तो आप क्या करेंगे ?

(A) आवासीय इलाके के सचिव को तुरंत सूचित करेंगे
(B) बच्चों को न खेलने की चेतावनी देंगे
(C) नजर–अंदाज कर वहाँ से दूर चले जाएंगे
(D) आवासीय इलाके के सुरक्षाकर्मी को सूचित करेंगे

72. आपको पता चलता है कि आपका पड़ोसी COVID-19 पॉजिटिव है, आप क्या करेंगे ?

(A) अपने पड़ोसी का उत्साह बढ़ाएंगे
(B) अपने अनुभव के आधार पर दवाइयाँ बताएंगे
(C) उचित अधिकारियों के संज्ञान में लाने और उनकी सलाह लेने के लिए कहेंगे
(D) उसे किसी से भी न बताने और घर के अंदर ही रहने के लिए कहेंगे

73. आप एक परीक्षा लिख रहे हैं और आप पाते हैं कि परीक्षा के दौरान आपका सबसे अच्छा दोस्त नक़ल कर रहा है और निरीक्षक ने इस पर ध्यान नहीं दिया है । एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में आप क्या करेंगे ?

(A) अपने दोस्त को परीक्षा के बाद नक़ल नहीं करने के लिए सलाह देंगे, क्योंकि अगर वह पकड़ा जायेगा तो उसका भविष्य खराब हो जाएगा
(B) उसे आपके पास उस पर्ची को पास करने के लिए कहेंगे
(C) नजर–अंदाज करेंगे क्योंकि वह आपका सबसे अच्छा दोस्त है
(D) उसके बारे में निरीक्षक से शिकायत करेंगे

74. आपके शहर में लगातार बारिश के कारण जल जमाव, अस्वच्छ स्थिति और डेंगू और मलेरिया के 1000 से अधिक मामले सामने आते हैं। एक कॉर्पोरेटर के रूप में आप निम्नलिखित में से किन चीजों को महत्व देंगे ?

(A) जरूरतमंद लोगों की चिकित्सा सहायता और भोजन की व्यवस्था करेंगे

(B) पीड़ित लोगों को वित्तीय मदद की घोषणा करेंगे

(C) सभी नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करेंगे

(D) कुछ भी नहीं करेंगे क्योंकि ऐसा हर साल होता है

75. हाल ही में आप एक शादी समारोह में शामिल होकर घर लौटे हैं, आप क्या करेंगे ?

(A) अपनी नियमित गतिविधियों को तुरंत फिर से शुरू करेंगे

(B) यदि एसिम्प्टोटिक हो तो कम से कम एक सप्ताह के लिए घर पर क्वारंटाइन करेंगे

(C) तुरंत कोविड-19 परीक्षण के लिए अस्पताल जाएंगे

(D) प्रतिरक्षा बढ़ाने वाली दवाएँ लेंगे

76. अंग्रेजी भाषा में किए गए 'हाउ मछ आर दीस मैंगोज ?' के लिए सही उत्तर चुनिए ।

(A) वन किलो ऑफ ट्वेंटी फाइव रूपीस ।

(B) ट्वेंटी फाइव रूपीस अ किलो ।

(C) वन किलो इन ट्वेंटी फाइव रूपीस ।

(D) वन किलो ऑन ट्वेंटी फाइव रूपीस ।

77. (अंग्रेजी भाषा में) सही विराम चिह्न के साथ वाक्य चुनें ।

(A) व्हट वुड यू लाइक टू हैव फॉर ब्रेकफास्ट !

(B) व्हट वुड यू लाइक टू हैव फॉर ब्रेकफास्ट ।

(C) व्हट वुड यू लाइक टू हैव फॉर ब्रेकफास्ट ?

(D) व्हट वुड यू लाइक, टू हैव फॉर ब्रेकफास्ट ?

78. (अंग्रेजी भाषा में) सही 'आर्टिकल' युग्म के साथ रिक्त स्थान भरें ।

माय अंकल विजिटेड ________ अंडमान एंड निकोबार आईलैंड्स एंड ________ केरेला ।

(A) द/द

(B) द/आर्टिकल की ज़रूरत नहीं

(C) ऐन/अ

(D) आर्टिकल की ज़रूरत नहीं/आर्टिकल की ज़रूरत नहीं

79. (अंग्रेजी भाषा में) सही विकल्प के साथ रिक्त स्थान भरें ।

अ स्नेक ________ ऑन द ग्राउंड ।

(A) वॉक्स

(B) स्लाइड

(C) स्लिथर्स

(D) मूव

80. (अंग्रेजी भाषा में) सही विकल्प के साथ रिक्त स्थान भरें ।

अरुण बिकेम ________ आफ्टर द रॉबरी ।

(A) डेथ ब्रोक

(B) डेडली ब्रोकन

(C) ब्रेक डेड

(D) डेड ब्रोक

**निर्देश** (प्रश्न सं. **81** से **85**) : दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**गद्यांश – 1**

संस्मरण का माध्यम आत्मकथा से प्रेरित होने पर भी शिल्प में उससे भिन्न है । वस्तुतः अकाल्पनिक गद्य–वृत्तों की धारणा सबसे पहले संस्मरण को ही देखकर बनती है । जीवनी और आत्मकथा के साथ इतिहास का संबंध कुछ इस तरह जुड़ा रहा कि उनका साहित्यिक रूप बहुत बाद में विकसित हो पाया, पर संस्मरण आरंभ से ही सर्जनात्मक गद्य का उपयोग करता दिखाई पड़ता है और अपनी व्यापक प्रकृति के कारण विविध गद्य रूपों के बीच केन्द्रीय स्थिति में है । तीव्र भावात्मक गठन और गहरी सर्जनात्मक भाषा के परंपरित काव्य रूप जैसे – उपन्यास, नाटक, कविता आधुनिक त्वरित संचार से उत्पन्न तनावों के युग में सब समय पाठक के लिए रुचिकर नहीं हो पाते । वैसी स्थिति में वह पत्रकारिता के विविध रूपों की ओर उन्मुख होता है जो अपनी प्रकृति में मूलतः सूचनात्मक और वस्तुपरक होते हैं । संस्मरण, रेखाचित्र, रिपोर्ताज जैसे नये गद्य रूप इन दोनों स्थितियों के बीच के अन्तराल में विकसित हुए हैं, और जैसा पहले संकेत किया गया, आधुनिक कला वृत्ति के अनुकूल स्वचेतनता और निर्वैयक्तिकता के विरोधी ध्रुवों के बीच समतुलित क्षेत्र का विस्तार करते हैं ।

**81.** सूचनात्मक और वस्तुपरक प्रकृति किसकी होती है ?
(A) संस्मरण और आत्मकथा की
(B) परंपरित काव्य रूपों की
(C) जीवनी और आत्मकथा की
(D) पत्रकारिता के विविध रूपों की

**82.** आधुनिक त्वरित संचार से उत्पन्न तनावों के कारण पाठक किस ओर उन्मुख होता है ?
(A) संस्मरण की ओर
(B) आत्मकथा की ओर
(C) भाषा के परंपरित काव्य रूपों की ओर
(D) पत्रकारिता के विविध रूपों की ओर

**83.** संस्मरण का माध्यम शिल्प में किससे भिन्न है ?
(A) जीवनी से
(B) आत्मकथा से
(C) इतिहास से
(D) अकाल्पनिक गद्य–वृत्तों से

**84.** अकाल्पनिक गद्य–वृत्तों की धारणा सबसे पहले किसे देखकर बनती है ?
(A) संस्मरण
(B) आत्मकथा
(C) जीवनी
(D) इतिहास

**85.** गहरी सर्जनात्मक भाषा के परंपरित काव्य रूप में क्या सम्मिलित **नहीं** है ?
(A) उपन्यास
(B) नाटक
(C) फीचर
(D) कविता

**निर्देश** (प्रश्न सं. **91** से **95**) : दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**गद्यांश – 3**

पृथ्वी के विभिन्न भागों में मानव जीवित रहने के लिए विभिन्न प्रकार की आर्थिक क्रियाएँ करता है । इन्हीं आर्थिक क्रियाओं द्वारा पृथ्वी का अधिकांश भाग मूल रूप से परिवर्तित हो गया है । जिन भागों में पूर्व में सघन वनावरण था, वर्तमान में वहाँ कृषि पारिस्थितिक विकसित कर ली गई है तथा फसलें लहरा रही हैं या फिर औद्योगिक परिदृश्य विकसित हो गया है, जहाँ से प्रतिक्षण वृहत् कारखानों से प्रदूषित धुआँ वायुमण्डल में छोड़ा जा रहा है । मानव की आर्थिक क्रियाओं के बढ़ते संकेन्द्रण तथा बदलते स्वरूप के कारण विभिन्न प्राकृतिक संसाधनों का वितरण तथा गुणात्मक स्तर भी प्रभावित हुआ है । इस प्रकार प्रकृति में सर्वत्र मनुष्य द्वारा परिवर्तित क्षेत्र ही दिखाई दे रहा है । मनुष्य की संसाधनों के रूपांतरण तथा उपभोग की क्षमता उसके आर्थिक विकास के स्तर का मूल मापदण्ड है । अत: आर्थिक प्रदेशों में संसाधनों के प्रकार व उनके उपयोग की क्षमता को भी आधार माना जाता है ।

**91.** जीवित रहने के लिए मानव क्या करता है ?

(A) आर्थिक क्रियाएँ

(B) संकेन्द्रण

(C) संसाधनों का वितरण

(D) प्रदूषण

**92.** मनुष्य के आर्थिक विकास के स्तर का मूल मापदण्ड क्या है ?

(A) कृषि कार्य

(B) संसाधनों का रूपांतरण तथा उपभोग की क्षमता

(C) बढ़ता प्रदूषण

(D) सामाजिक परिवर्तन

**93.** औद्योगिक परिदृश्य के विकास के परिणामस्वरूप क्या हुआ ?

(A) वायु प्रदूषण

(B) हरित क्रान्ति

(C) उपभोग की क्षमता में वृद्धि

(D) समाजोन्नति

**94.** सघन वनों ने किसका रूप धारण कर लिया ?

(A) कंक्रीट के जंगलों का

(B) राजप्रासादों का

(C) पर्वतांचलों का

(D) खेतों का

**95.** आर्थिक क्रियाओं के परिणामस्वरूप क्या हुआ ?

(A) समानता

(B) अर्थ हानि

(C) परिवर्तन

(D) वृक्षारोपण

SET **C**

# S/F/P/II/2020

प्रश्न–पुस्तिका क्र.
**Question Booklet No.**
**Y 5127603**

अनुक्रमांक
**Roll No.** 2 2 0 0 6 6

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक दिए गए खानों में लिखें
Candidate should write his/her Roll No. in the given boxes

मुद्रित पृष्ठों की संख्या/No. of Printed Pages : **32**
समय/Time : **2 घण्टे/Hours**

कुल प्रश्नों की संख्या/Total No. of Questions : **100**
पूर्णांक/Total Marks : **200**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. यह प्रश्न–पुस्तिका दो भाषाओं–हिन्दी व अंग्रेजी में छपी है। परीक्षार्थी अपनी सुविधानुसार कोई भी भाषा चुन सकते हैं।
2. प्रश्न–पुस्तिका में प्रश्नों की निर्धारित संख्या **100** है। परीक्षार्थी आश्वस्त हो ले कि उसके प्रश्न–पुस्तिका में निर्धारित संख्या में प्रश्न मुद्रित हैं, अन्यथा वह दूसरी प्रश्न–पुस्तिका माँग ले।
3. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।
4. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
5. प्रश्न–पुस्तिका के आवरण पृष्ठ पर प्रश्न–पुस्तिका में लगे पृष्ठों की संख्या दी गई है। परीक्षार्थी आश्वस्त हो ले कि उसके प्रश्न–पुस्तिका में निर्धारित संख्या में पृष्ठ लगे हैं, अन्यथा वह दूसरी प्रश्न–पुस्तिका माँग ले।
6. प्रदत्त उत्तर–पत्र पर दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा अपने उत्तर तदनुसार अंकित करें।
7. कृपया उत्तर–पत्र पर निर्धारित स्थानों पर आवश्यक प्रविष्टियाँ करें, अन्य स्थानों पर नहीं।
8. परीक्षार्थी सभी रफ कार्य प्रश्न–पुस्तिका के अंतिम पृष्ठ पर निर्धारित स्थान पर ही करें, अन्यत्र कहीं नहीं तथा उत्तर–पत्र पर भी नहीं।
9. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपांतरों में से हिन्दी रूपांतर को मानक माना जाएगा।

## INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. This Question Booklet is printed in Hindi and English languages. Candidates should select any one of the two languages according to their convenience.
2. The Question Booklet contains **100** questions. The examinee should verify that the requisite number of questions are printed in the Question Booklet, otherwise he/she should ask for another Question Booklet.
3. **All** questions are compulsory.
4. **All** questions carry equal marks.
5. The cover page indicates the number of pages in the Question Booklet. The examinee should verify that the requisite number of pages are attached in the Question Booklet, otherwise he/she should ask for another Question Booklet.
6. Read carefully the instructions given on the Answer Sheet supplied and indicate your answers accordingly.
7. Kindly make necessary entries on the Answer Sheet only at the places indicated and nowhere else.
8. Examinee should do all rough work on the space meant for rough work in the pages given at the end of the Question Booklet and nowhere else, not even on the Answer Sheet.
9. If there is any sort of mistake either of printing or of factual nature in any question, then out of the Hindi and English versions of the question, the Hindi version will be treated as standard.



SEAL

Galaxy M15 5G